# 10. दुनिया में पहला मकान

https://www.youtube.com/watch?v=7j20zHhgmY8

[ By Study With Parashram]

**I.एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

**१.सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?**

उत्तर :सिंगफो आदिवासी पूर्वोत्तर भारत में रहते थे।

**२. सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया ?**

उत्तर :सबसे पहले आदमी को मकान बनाना बहुत-से पशुओं ने सिखाया।

**३.मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त कहाँ चल पड़े ?**

उत्तर :मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त जंगल की ओर चल पड़े।

**४. दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई ?**

उत्तर : दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले हाथी से हुई।

**५.दोस्तों ने क्या-क्या तय किया ?**

उत्तर :दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे।

**६. हाथी से उत्तर पाकर दोस्त किससे मिले ?**

उत्तर :हाथी से उत्तर पाकर दोस्त साँप से मिले।

**७. सब जानवरों की बातें सुनकर दोस्तों ने क्या किया ?**

उत्तर :सब जानवरों की बातें सुनकर दोस्तों ने एक मकान बना लिया।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**१. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?**

उत्तर :लालिम और किंचा लालीदाम नामक दो दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे। मुश्किल यह थी कि वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाए जाते हैं.इसलिए वे पशुओं से पूछ-ताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े।

**२. दोस्तों ने हाथी के साथ किसकी चर्चा कीं ?**

उत्तर :दोस्तों ने सबसे पहले हाथी मिलने गए। उन्होंने उससे मकान कैसे बनाए जाते हैं,इसके बारे में चर्चा कीं।

**३. हाथी ने दोस्तों को क्या उत्तर दिया ?**

**उत्तर :हाथी ने दोस्तों को उत्तर दिया कि,“इसमें क्या कठिनाई है ? पेड़ों से लकड़ी के इतने मोटे और मजबूत गोले काट लो,जितने मेरे पैर हैं। आगे की बात तो मैं नहीं जानता। मुझे रत्ती-भर भी पत्ता नहीं।”**

**२. दोस्तों ने किन-किन जानवरों से मुलाकात कीं ?**

**उत्तर :दोस्तों ने सबसे पहले हाथी से मिले। फिर साँप से मिले |उसके बाद भैंस तथा मछली से मिलें**

**III. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**१. साँप ने दोस्तों को क्या सुझाव दिया ?**

**उत्तर :साँप ने दोस्तों को सुझाव दिया कि,“ऐसा करो कि लकड़ी ऐसी पतली और लंबी काटो,जैसा मैं हूँ। आगे की बात मैं नहीं जानता। मुझे रत्ती-भर पता नहीं।”**

**२. भैंस के पंजर से दोस्तों को क्या जानकारी मिली ?**

**उत्तर ::भैंस के पंजर से दोस्तों को यह जानकारी मिली कि, भैंस ने दोनों दोस्तों को अपने भैंसे का पंजर दिखाते हुए कहा कि “जैसे भैंस के पंजर में चार पैरों पर हड्डियाँ पड़ी हैं,उसी तरह चार मोटे गोले ज़मीन में गाड़कर उन पर पतली और लंबी लकड़ियों से चप्पर का पंजर बनाना है।”**

**३. मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया ?**

**उत्तर :मछली ने दोस्तों के प्रश्न का इस प्रकार जवाब दिया कि,“आप लोग ज़रा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो। फिर पेड़ों से बहुत -सी पत्तियाँ तोड़ लो। इन पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा दो, जैसी मेरी पीठ पर पट्टियाँ हैं।”**

**IV. अनुरूपता :**

**१. हाथी : जंगली जानवर :: भैंस : पालतू जानवर**
**२. मछली : पानी :: साँप : उभय ( पानी तथा जमीन पर )**
**३.मछली : तैरना :: साँप : रेंकना**
**४. हाथी : सूँड़ :: भैंस : सींग**

## V. अन्य वचन रूप लिखिए :

१. कहानी – कहानियाँ    २. गुफा - गुफाएँ    ३. पेड़ - पेड़
४. पत्ती - पत्तियाँ    ५. हड्डी – हड्डियाँ    ६. मछली - मछलियाँ
७. लकड़ी - लकड़ियाँ    ८. पट्टी - पट्टियाँ    ९. लोग - लोग    १०. घर - घर

## VI. अन्य लिंग रूप लिखिए :

१. आदमी - औरत    २. हाथी - हथिनी    ३. भैंस - भैंसा
४. शेर - शेरनी    ५. मोर - मोरनी    ६. बहन - भाई

## VII. विलोम शब्द लिखिए :

१. बहुतx कम    २. दिन xरात    ३. नीचे xऊपर
४.मुश्किलx आसान    ५. आगे xपीचे    ६.मजबूत x कमजोर
७. लंबीx चौड़ी    ८. पास xदूर    ९. दोस्तx दुश्मन    १० काटनाx जोड़ना

## VIII. जोड़कर लिखिए :

| अ | आ | उत्तर |
|---|---|---|
| १. तालाब | पैर | मछली |
| २. हाथी | मछली | पैर |
| ३. भैंस | आदिवासी | हड्डियाँ |
| ४. पहला | हड्डियाँ | मकान |
| ५.सिंगफो | मकान | आदिवासी |

## IX. रिक्त स्थान भरिए :

१.भैंस ने दोस्तों को अपने भैंसे का पंजर दिखाया।
२. दोस्तों की मुलाकात अंत में मछली से हुई।
३. आप लोग जरा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो।
४. भैंस बहन,हम लोग मकान बनाना चाहते हैं।

**X. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

**१. मकान = घर २. पेड़ = वृक्ष ३. दोस्त = मित्र ४. भेंट = मुलाका**

**XI. प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :**

**१. बनना - बनाना २. गिरना - गिराना ३. लगना - लगाना ४. सीखना - सिखाना ५. करना - कराना ६. ठहरना - ठहराना**

**XII. सही शब्द चुनकर लिखिए :**

**( पानी, पालतू, जानवर, गाँव, आसमान, बिल, पेड़, जंगल )**

**१. हाथी जंगल २. साँप बिल ३. भैंस पालतू ४. मछली पानी ५. पक्षी आसमान ६. बैलगाड़ी गाँव**

**XIII. कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

**१. भैंस ने दोस्तों को पंजर दिखाया।**

ಎಮ್ಮೆಯು ಮಿತ್ರರಿಗೆ ಅಸ್ಥಿಪಂಜರವನ್ನು ತೋರಿಸಿತು.

**२. साँप ने कहा,'आगे की बात मैं नहीं जानता।'**

ಹಾವು ಹೇಳಿತು,'ಮುಂದಿನ ಮಾತು ನನಗೆ ತಿಳಿದಿಲ್ಲ.'

**३. हाथी बोला,'इसमें क्या कठिनाई है?'**

ಆನೆ ಹೇಳಿತು, 'ಇದರಲ್ಲಿ ಕಠಿಣತೆ ಏನಿದೆ?'

**४. तालाब में एक बहुत बड़ई मछली तैर रही थी।**

ಕೆರೆಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ದೊಡ್ಡ ಮೀನು ಈಜಾಡುತ್ತಿತ್ತು.

# भाषा ज्ञान

## पाठ से आगे----------

### I. पालतू और जंगली जानवरों की सूची तैयार कीजिए :

| पालतू जानवर | जंगली जानवर | पालतू जानवर | जंगली जानवर |
|---|---|---|---|
| १.गाय | १.बाघ | २. भैंस | २. सिंह |
| ३. बकरी | ३. चीता | ४. बैल | ४. हाथी |
| ५. कुत्ता | ५. गीदड | ६. बिल्ली | ६. गैंडा |
| ७. भेड़ | ७.भेड़िया | ८. घोड़ा | ८. जिराफ़ |
| ९.बन्दर | ९. भालू | | |
| १०.ऊँट | १०.लोमड़ी | | |

### II. नीचे लिखे शब्दों के आधार पर लिखिए कि कौन क्या काम करता है ? -

| | |
|---|---|
| उदा : बढ़ई | लकड़ी का काम |
| १. कुम्हार | मिट्टी का काम |
| २. लुहार | लोहे का काम |
| ३. सुनार | सोने का काम |
| ४. जुलाहा | कपड़े बुनने का काम |
| ५. दूकानदार | वस्तुओं को बेचने का काम |
| ६. हलवाई | मिठाई बनाने का काम |
| ७. डाँक्टर | चिकित्सा देने का काम |
| ८. अध्यापक | पढ़ाने का काम |
| ९. सैनिक | देश की रक्षा करने का काम |
| १०. किसान | फसल उगाने का काम |